the quality and promptness in service.

(b) Question does not arise in view of reply to (a) above.

**कोटा, राजस्थान में मीन उद्योग विभाग की स्थापना**

4493. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने कोटा, राजस्थान में मीन उद्योग विभाग की स्थापना की है;

(ख) क्या उक्त विभाग ग्रामों के निर्धन बच्चों में भी मछलियां बांटता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त विभाग कोटा, दाम, राणा प्रताप सागर और जवाहर सागर में मछली पालन का कार्य कर रहा है ;

(घ) यदि हां, तो उस विभाग पर अब तक कितना धन व्यय किया गया; और

(ङ) उत्पादन में कितनी वृद्धि हुई ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) तथा (ख). केन्द्रीय सरकार ने कोटा में कोई मीन उद्योग एकक स्थापित नहीं किया है । लेकिन राज्य सरकार ने व्यावहारिक पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार की विशेष सहायता से कोटा में एक एकक स्थापित किया है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मछली जैसे पोषणात्मक भोजन गर्भवती स्त्रियों तथा गरीब बच्चों को मुफ्त वितरित किया जाता है ।

(ग) से (ङ). एकक के कार्य की जानकारी राज्य सरकार से उपलब्ध की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।



**कोटा, राजस्थान में मत्स्य पालन उद्योग की प्रगति**

4494. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा, राजस्थान में पिछले तीन वर्षों में मत्स्य पालन उद्योग में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ; और—

(ख) इस बारे में किन किन स्थानों में प्रयोग किये गये हैं ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे)**: (क) और (ख). जानकारी इकट्ठी की जायेगी और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**Recovery of amount from the settlers at Nilokheri**

4495. SHRI SURAJ BHAN: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) the amount Government have recovered back from the settlers at Nilokheri in the form of rent and sale proceeds of plots and other lands etc.;

(b) whether the amount recovered exceeds the amount invested by Government and if so, whether it is not an injustice with those who are being defrauded in the name of cooperative sector; and

(c) whether Government have thought over the propriety of appointing a new administrator at the Colony to mitigate their grievances?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.